## न्यूज डायरी



### रावण ने उड़ाया पहला विमान! श्रीलंका का दावा, साबित कर देंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** श्रीलंका। श्रीलंका की सरकार का दावा है कि पांच हजार साल पहले रावण ने पहली बार विमान का इस्तेमाल किया था। इस बीच श्रीलंका की सरकार ने एक विज्ञापन जारी कर लोगों से रावण के बारे में कोई भी दस्तावेज शेयर करने को कहा है। यह विज्ञापन पर्यटन और उड्डयन मंत्रालय ने अलग–अलग अखबार में जारी किया। दरअसल, श्रीलंका के लोगों के लिए रावण एक महान राजा था। विज्ञापन में लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे रावण से संबंधित कोई भी दस्तावेज या किताबें शेयर कर सकते हैं ताकि सरकार को पौराणिक राजा और खोई विरासत पर रिसर्च करने में मदद मिल सके। श्रीलंका के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने अब प्राचीन काल में उड़ान भरने के लिए रावण द्वारा इस्तेमाल किए गए तरीकों को समझने के लिए एक पहल शुरू की है। श्रीलंका के सिविल एविएशन अथॉरिटी के पूर्व उपाध्यक्ष शशि दानतुंज ने कहा कि उनके पास ये साबित करने के लिए ढेर सारे तथ्य हैं।

### आकाश में उड़ रही थीं चींटियां, रेडार ने समझा बादल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के आसमान में 80 किलोमीटर चौड़े चींटियों के उड़ते झुंड को गलती से मौसम विभाग के रेडार ने बारिश के बादल समझ लिया। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने इसका एक सैटलाइट विडियो भी ट्विटर पर साझा किया। यह झुंड देश के दक्षिण–पूर्वी हिस्से में देखा गया। गर्मी भरे मौसम में अचानक से आए बारिश के बादलों को देखकर मौसम विभाग ने सैटलाइट इमेज को अच्छे से जांचा।
मौसम विभाग ने पाया कि चींटियों का झुंड इतना बड़ा था कि गलती से उसे बारिश के बादल समझा गया। मौसम विभाग ने ट्वीट किया, 'लंदन, केंट और ससेक्स में बारिश की संभावना नहीं है लेकिन हमारा रेडार ऐसा बता रहा है। साउथ ईस्ट में रेडार ने उड़ते चींटियों के झुंड को देखा। गर्मी के मौसम में अक्सर चींटियां बड़ी संख्या में आसमान में इकट्ठा होती हैं।' ब्रिटेन में ऐसे दिनों को 'फ्लाइंट आंट डे' कहा जाता है।

### अमेरिका में 12 साल के बच्चे ने चुराया ट्रक, अरेस्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू कैसल (अमेरिका)। अमेरिका के देलावरे की पुलिस ने 12 साल के एक किशोर को गैस स्टेशन से पिकअप ट्रक चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि वाहन चोरी करने के बाद वह तेज गति से उसे लेकर भागा और बाद में वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसने पैदल भागने की कोशिश की। पुलिस ने लड़के पर जुर्माना लगाकर उसे छोड़ दिया है।
देलावरे राज्य की पुलिस ने कहा कि लड़के ने 2003 मॉडल की फोर्ड रेंजर उस वक्त चुराई जब गाड़ी का मालिक शनिवार को न्यू कैसल में वावा गैस स्टेशन के पास एटीएम का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस ने लड़के का नाम नहीं बताया है। पुलिस ने जब वाहन का पता लगा लिया तो लड़के ने कार को रोकने से इनकार कर दिया और पुलिस को अपने पीछे भगाता रहा। उन्होंने बताया कि खड़ी कार से टकराने के बाद संदिग्ध ने यू–टर्न लिया और वाहन एक बार फिर डिवाइडर से टकरा गया।

### अंडमान पहुंचा अमेरिका का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। दक्षिण चीन सागर से लेकर लद्दाख तक जारी चीन की दादागीरी के खिलाफ अमेरिका ने बड़ा कदम उठाते हुए अपने सबसे विशाल युद्धपोत यूएसएस निमित्ज को अंडमान सागर में भेजा है। घातक मिसाइलों से लैस अमेरिकी विमानवाहक पोत निमित्ज 90 फाइटर जेट, 3000 नौसैनिकों के साथ मलक्का स्ट्रेट के रास्ते अंडमान–निकोबार के पास पहुंचा है। माना जा रहा है कि यह अमेरिकी विमानवाहक पोत भारत के साथ युद्धाभ्यास कर सकता है। लद्दाख में भारत संग जारी भारी तनाव के बीच अमेरिका ने अपने सबसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर को हिंद महासागर में भेजकर चीन को बेहद सख्त संदेश दिया है। चीन ने अगर कोई दुस्साहस किया तो भारत–अमेरिका उसे मलक्का स्ट्रेट में घेर सकते हैं।

# भारतीय सेना की तैयारी से घबराया गया चीन

**तैयारी**

## तिब्बत में तैनात किया 'उड़ता अस्पताल'

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चीन। लद्दाख में भारतीय सेना की जोरदार तैयारी और गलवान घाटी में मुंहतोड़ जवाब से घबराए चीन ने अब पहली बार तिब्बत में अपना उड़ता अस्पताल तैनात किया है। इस उड़ते अस्पताल की मदद से चीन अपने घायल सैनिकों को हजारों किलोमीटर की दूरी पर स्थित अस्पतालों तक पहुंचा पाएगा। माना जा रहा है कि चीन को यह डर सता रहा है कि अगर भारत के साथ संघर्ष होता है तो उसे मेडिकल सहायता की तत्काल जरूरत पड़ सकती है।



**तिब्बत में चीनी सेना के अस्पतालों की हालत खस्ताः** दरअसल, भारत की सीमा से सटे इस इलाके में चीनी सेना की स्वास्थ्य सुविधाएं बहुत खराब हैं और उसे मजबूरन Y–9 मेडिकल एयरक्राफ्ट को तैनात करना पड़ा है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ध्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीन की सेना के युद्धाभ्ध्यास के दौरान एक अधिकारी बुरी तरह से घायल हो गया था। इस घायल अधिकारी को बेहतर इलाज के लिए 5200 किमी दूर स्थित अस्ध्पताल ले जाने के लिए Y–9 मेडिकल एयरक्राफ्ट को भेजा गया। इस प्लेन से अधिकारी को शिजिंग के अस्पताल ले जाया गया।

**गलवान जैसी झड़प में बचाई जा सकेगी जानः** पेइचिंग के एक सैन्य सूत्र ने बताया कि इस प्लेन का मकसद ऊंचाई वाले इलाकों खासतौर पर भारतीय सीमा पर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना है। भारत और चीन की हजारों किलोमीटर लंबी सीमा है और कोई स्पष्ट सीमा रेखा नहीं है। पिछले महीने गलवान घाटी में हुए खूनी संघर्ष में 20 भारतीय जवान वीरगति को प्राप्त हुए थे। चीन ने अपने मारे गए सैनिकों का खुलासा नहीं किया था। चीन के सैन्य सूत्रों का दावा है कि भारत से कम संख्या में चीन के सैनिक मारे गए थे वहीं भारतीय और अमेरिकी सूत्रों का दावा है कि करीब 40 चीनी सैनिक हताहत हुए थे।

**Y–9 उड़ता अस्ध्पताल, कई सुविधाओं से लैसः** चीनी सूत्र ने कहा कि गलवान जैसी झड़प की सूरत में स्वास्थ्य सुविधाओं का बेहतर होना जरूरी है, इससे मृतकों की संख्या को कम से कम रखा जा सकता है। उन्होंने, वाई–9 उड़ता अस्पताल है और यह गंभीर रूप से घायल सैनिकों की जान बचाने में बेहद मददगार साबित होगा।

इसके अलावा हिमालयी इलाके में भारत से लगी सीमा पर कई अस्पतालों को फर्स्ट एड सहायता के लिए हायपर बेरिक ऑक्सीजन चेंबर से लैस किया गया है। चीन इस इलाके में मौजूद अपने सभी अस्पतालों को आधुनिक बना रहा है। इस प्लेन को कॉर्डियोग्राम मॉनिटर, रेस्पिरेटर और अन्य उपकरणों से लैस किया गया है।

## रूसी अरबपतियों ने अप्रैल में ही लगवा लिया टीका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। दुनिया में कोरोना वायरस की वैक्सीन के लिए जद्दोजहद जारी है। अब तक 6 लाख लोगों की जान ले चुके कोरोना वायरस से दुनिया के 196 देश परेशान है। इस बीच रूस ने दावा किया है कि उसने कोरोना वायरस की वैक्ध्सीन का इंसानों पर ट्रायल पूरा कर लिया है। रूस की इस वैक्सीन को लेकर अब एक बड़ा खुलासा हुआ है। रूस के अरबपतियों ने अप्रैल महीने में ही कोरोना का टीका लगवा लिया था।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक रूस के अरबपतियों और राजनेताओं को कोरोना वायरस की प्रायोगिक वैक्सीन को अप्रैल में ही दे दिया गया था। इस पूरे मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जिन अमीरों को यह वैक्सीन दी गई, उनमें एल्युमीनियम की विशाल कंपनी यूनाइटेड रसेल के शीर्ष अधिकारी, अरबपति और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। इस वैक्सीन को मास्को स्थित रूस की सरकारी कंपनी गमलेया इंस्टीट्यूट ने अप्रैल में तैयार किया था।

गमलेई वैक्सीन को रूस की सेना और सरकारी रसियन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड ने वित्तीय मदद दी थी। इस वैक्सीन का पिछले हफ्ते ही पहला ट्रायल पूरा हो गया है। यह टेस्ट रूस की सेना के जवानों पर किया गया है। इंस्टीट्यूट ने अब तक इसका रिजल्ट घोषित नहीं किया है।




## UAE का पहला मंगल मिशन, HOPE हुआ लान्च

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। सऊदी अरब अमीरात का मंगल के लिए पहला अंतरिक्ष मिशन सोमवार को जापान से लॉन्च हुआ। यूएई का यह मिशन मंगल ग्रह पर गया है। हालांकि मौसम ने इसमें कुछ खलल डाला था। इसी वजह से इसका लॉन्च पहले टालना पड़ा था। इस प्रोजेक्ट को होप नाम से डब किया गया। इस यान में कोई इनसान नहीं गया है। इसकी लाइव फीड भी दिखाई गई। इस यान पर अरबी में अल–अमल लिखा हुआ था। इस यान ने दक्षिण जापान के तानेगाशिमा स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। अमीरात का प्रोजेक्ट मंगल पर जाने वाले तीन प्रोजेक्ट में से एक है। इसमें चीन के ताइनवेन–1 और अमेरिका के मार्स 2020 भी शामिल हैं।

## केपी शर्मा ओली और प्रचंड की डील से सकते में नेपाल, दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व पीएम पुष्प्प कमल दहल के बीच विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों पक्षों के बीच एक अंतरिम डील हुई थी और कहा गया था कि पार्टी की आम सभा की बैठक नवंबर/दिसंबर में बुलाई जाएगी। इस डील से अब और ज्यादा विवाद बढ़ गया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता माधव कुमार नेपाल ने पर्दे के पीछे से हुए इस समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई है।
काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को ओली और प्रचंड के बीच राष्ट्रपति विद्या



देवी भंडारी की मौजूदगी में समझौते पर सहमति बनी थी। उधर, रविवार को प्रचंड विरोधी माधव कुमार नेपाल खेमे को मनाने में जुटे रहे। माधव कुमार के खेमे का मानना है कि ओली के इस्तीफे की मांग छोड़कर प्रचंड ने उन्हें एक बार फिर से धोखा दिया है।

**प्रचंड ने ओली के इस्तीफे के मुद्दे को नहीं उठायाः** कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं के मुताबिक प्रचंड ने शनिवार को हुई बैठक में ओली के इस्तीफे के मुद्दे को ही नहीं उठाया। रविवार को माधव कुमार नेपाल और झालानाथ खनल समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता प्रचंड के घर पहुंचे और उन्होंने ओली के साथ हुए समझौते पर कई तीखे सवाल उठाए। इसके बाद दबाव में आए प्रचंड ने पार्टी नेताओं से कहा कि नवंबर में आम सभा की बैठक को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। यह केवल एक प्रस्ताव था।

एनसीपी के प्रवक्ता नारायण काजी श्रेष्ठ ने कहा, लेकिन प्रचंड ने कहा कि आम सभा की बैठक के प्रस्ताव को लेकर भ्रम है। बताया जा रहा है कि ओली ने प्रचंड को वादा किया है कि वे जल्दी ही उन्हें पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन करेंगे।

## विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तरी सीरिया में विस्फोट में पांच लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। उत्तरी सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके में एक कार बम विस्फोट में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हुए हैं।विपक्षी कार्यकर्ताओं और तुर्की स्थानीय मीडिया ने यह दावा किया। खबरों के अनुसार, तुर्की से लगी सीमा के पास रविवार देर रात बाब अल–सलमेह में कार विस्फोट हुआ। इस इलाके में तुर्की समर्थक विपक्षी लड़ाकों का कब्जा है। ब्रिटेन स्थित 'सीरियन आब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट' के अनुसार विस्फोट में सात लोग मारे गए और महिलाओं एवं बच्चों सहित 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। उसने कहा कि हमला इस्लामिक स्टेट समूह द्वारा किए जाने की आशंका है।अन्य विपक्षी कार्यकर्ताओं ने कहा कि हमले में पांच लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए। तुर्की की सरकारी समाचार एजेंसी 'अनादुलु' की खबर के अनुसार विस्फोट में कम से कम पांच आम नागरिक मारे गए और 85 अन्य लोग घायल हो गए। कुछ लोग जो गंभीर हैं, उन्हें इलाज के लिए तुर्की ले जाया गया है। उसने कहा कि हमले की अभी किसी ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन कुर्दिश लड़ाके ऐसे हमलों को अंजाम देते रहे हैं।